100 Years 1920-2020

University of Lucknow | Centenary Year

लखनऊ विश्वविद्यालय | शताब्दी वर्ष

# University in News on 06 March 2021

UNIVERSITY OF LUCKNOW

JAGRAN CITY PAGE I & III

## बीएड प्रवेश परीक्षा के लिए 15 मार्च तक करें आवेदन

जागरण संवाददाता, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा में आवेदन के लिए अभ्यर्थियों के पास 15 मार्च तक का मौका है। अभ्यर्थी विवि की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर जाकर आनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

16 से 22 मार्च के मध्य विलंब शुल्क के साथ आवेदन किए जा सकेंगे। विवि के प्रवक्ता डा. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि 10 मई से प्रवेश पत्र डाउनलोड किए जा सकेंगे। वहीं, परीक्षा 19 मई को प्रस्तावित है। 20 से 25 जून के बीच प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित किया जाएगा। 12 जुलाई से काउंसिलिंग प्रस्तावित है। आवेदन लविवि की वेबसाइट पर किए जा सकेंगे। उन्होंने बताया कि प्रवेश परीक्षा के लिए सामान्य वर्ग के लिए 1,500 रुपये और अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए साढ़े सात सौ रुपये निर्धारित किए गए हैं। इस बार प्रवेश परीक्षा में प्रदेश के लगभग 2,900 कालेजों की दो लाख 40 हजार सीटों पर दाखिले लिए जाएंगे।

### नौ मार्च से शुरू होगी पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया

लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया की तारीख शुक्रवार को घोषित कर दी। प्रवक्ता डा. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया 2020-21 से शुरू होगी। प्रवेश प्रक्रिया पीएचडी अध्यादेश 2020 के आधार पर कराई जाएगी। नए अध्यादेश के तहत रेगुलर के साथ ही पार्ट टाइम पीएचडी प्रवेश भी लिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि सीटों का ब्योरा विभागों से लिया जा रहा है। प्रवेश फार्म के साथ सीटों का ब्योरा विभागवार जारी किया जाएगा।

## उद्योग जगत के लिए छात्रों को ट्रेंड करेगा लविवि



जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय का कामर्स विभाग अपने छात्रों को उद्योग जगत से लेकर फाइनेंस आदि कंपनियों में नौकरी के लिए तैयार करेगा। इसके लिए विभाग नए सत्र से पीजी स्तर पर एमबीए फाइनेंस एंड अकाउंट कोर्स की शुरुआत करेगा। दो दिन पहले हुई बोर्ड आफ स्टडीज की बैठक में कोर्स के संचालन, फीस सहित सभी चीजें तय हो गई हैं। अब फैकल्टी बोर्ड से इसे मंजूर कराते हुए नए सत्र के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

लविवि के कामर्स विभाग के हेड प्रो. अवधेश कुमार ने बताया कि यह प्रोफेशनल कोर्स है। इसमें 40 सीटों पर प्रवेश लिए जाएंगे। छात्र-छात्राओं को डिजिटल अकाउंटिंग, इनोवेटिव अकाउंटिंग, फारेंसिक अकाउंटिंग, ग्रीन अकाउंटिंग सहित कई प्रमुख चीजों में ट्रेंड किया जाएगा। छात्रों को ऐसा तैयार किया जाएगा, जिससे वे कारपोरेट कंपनी, म्यूचुअल फंड, स्टाक मार्केट, इंश्योरेंस सेक्टर आदि में बड़े स्तर पर रोजगार पा सकेंगे।

कोर्स च्वाइस बेस क्रेडिट सिस्टम (सीबीसीएस) मोड पर संचालित होगा। इस कोर्स में स्नातक में 60 फीसद अंक वाले ही प्रवेश के लिए पात्र होंगे। प्रति सेमेस्टर कोर्स की फीस 40 हजार रुपये होगी।

### एक्सपर्ट लेंगे क्लास

पीजी का यह नया कोर्स तैयार हो चुका है। इसमें चार सेमेस्टर होंगे। चार्टर्ड अकाउंटेंट, फाइनेंस से लेकर प्रोफेशनल और कारपोरेट क्षेत्र के एक्सपर्ट छात्र-छात्राओं की क्लास लेंगे। उन्हें बाजार की मांग, प्रमुख सेक्टर में काम करने के तरीके बताएंगे।

### पहले और दूसरे सेमेस्टर में लैब ट्रेनिंग

प्रो. अवधेश कुमार के मुताबिक, कोर्स में पहले और दूसरे सेमेस्टर में छात्र-छात्राओं के लिए लैब में 40-40 घंटे की कम्प्यूटर ट्रेनिंग अनिवार्य होगी। उन्हें कंपनियों में अकाउंटिंग की सभी तकनीक की जानकारी भी दी जाएगी।

HINDUSTAN PAGE 8

# पीएचडी के लिए प्रवेश प्रक्रिया 9 मार्च से शुरू होगी

**लखनऊ विवि**

लखनऊ | निज संवाददाता

लखनऊ विश्वविद्यालय में पीएचडी की प्रवेश प्रक्रिया नौ मार्च से शुरू होगी। सत्र 2020-21 में पीएचडी के दाखिले अध्यादेश 2020 के आधार पर ही लिए जाएंगे। नए अध्यादेश के तहत रेगुलर के साथ पार्ट टाइम पीएचडी में दाखिले मिलेंगे। आवेदन ऑनलाइन होंगे।

एलयू प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि विभागों से सीटों का ब्योरा लिया जा रहा है। जल्द ही प्रवेश फार्म के साथ ब्योरा विभागवार जारी होगा। एलयू पहली बार रेगुलर के साथ पार्ट टाइम पीएचडी कराने जा रहा है। बता दें कि एलयू में पीएचडी का सत्र एक साल लेट चल रहा है। एलयू सम्बद्ध कॉलेजों में पीजी कोर्स में पढ़ाने वाले उन कैंडिडेट को भी शामिल करेगा, जो पीएचडी कराने के लिए पात्र हैं।

एलयू में सत्र 2019-20 में लगभग 450 सीटों पर पीएचडी एडमिशन लिए गए थे। पिछला सत्र कोरोना की भेंट चढ़ गया था। इस सत्र के लिए सभी 45 विभागों से डिटेल मांगी है। सम्बद्ध कालेजों से इच्छुक कैंडिडेट का ब्यौरा भी मांगा है। प्रो. वीके मिश्रा ने बताया कि फार्म की फीस नहीं बढ़ी है। जनरल और ओबीसी के लिए 2000 रुपये, एससी-एसटी के लिए एक हजार है।

## बीएड में प्रवेश के आवेदन 15 मार्च तक

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा के लिए शासनादेश जारी कर दिया गया है। प्रदेश भर के बीएड कॉलेज में दाखिले के लिए आवेदन प्रक्रिया 15 मार्च तक चलेगी। 16 से 22 मार्च के बीच ऑनलाइन आवेदन लेट फीस के साथ होंगे। 10 मई से प्रवेश पत्र डाउनलोड किए जा सकेंगे।

**19 मई से बीएड की प्रवेश परीक्षा प्रस्तावित है।**

परीक्षा 19 मई को प्रस्तावित है। 20 से 25 जून के बीच प्रवेश परीक्षा का रिजल्ट घोषित होगा। 12 जुलाई से काउंसलिंग का प्रस्ताव है। आवेदन वेबसाइट lkouniv.ac.in पर होंगे। प्रवेश समन्वयक प्रो. अमिता बाजपेई ने बताया कि आवेदन ऑनलाइन होंगे। प्रवेश परीक्षा के लिए सामान्य वर्ग के लिए 1500 रुपये और अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति वर्ग के उम्मीदवारों के लिए शुल्क 750 रुपये तय किया गया है। विलंब शुल्क के साथ फीस 2000 रुपये और 1000 रुपये हो जाएगी। इस प्रवेश परीक्षा में प्रदेश के लगभग 2900 कॉलेज शामिल होंगे, जिनमें करीब दो लाख 40 हजार सीटें हैं।

## एलयू ने आस्ट्रेलिया की चुनौती स्वीकारी

**लखनऊ।** क्षेत्रीय शिक्षा केंद्र के अधीन एजुकेशन फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट लक्ष्य के लिए एशिया पेसिफिक यूथ एसडीजी चैलेंज की घोषणा की गई। ऑस्ट्रेलिया का आरसीई ग्रेटर वेस्टर्न सिडनी इस चुनौती को पेश कर रहा है। एलयू और पर्यावरण शिक्षा केंद्र (सीईई) से जुड़े संस्थान के नेटवर्क के साथ आरसीई लखनऊ के छात्रों के एक समूह ने इस चुनौती को स्वीकार किया। छात्रों ने अपने काम पर एक किताब प्रयास विकसित की है। यह पुस्तक अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जारी की जा रही है। एलयू के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय पुस्तक का विमोचन आठ मार्च को करेंगे।

## डा. संजीव को ललित कला शिरोमणि सम्मान

**लखनऊ।** छठे अंतरराष्ट्रीय ताज रंग महोत्सव 2021 के उपलक्ष्य में नटरांजली थिएटर आर्ट्स की ओर से डा. संजीव किशोर गौतम को ललित कला शिरोमणि अंतरराष्ट्रीय सम्मान 2021 से नवाजा गया। डा. संजीव पिछले दो दशक से भारत के चर्चित एवं अनेक राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित कलाकार हैं। वह एलयू के कला एवं शिल्प महाविद्यालय में संकायाध्यक्ष और प्रधानाचार्य भी रह चुके हैं।

## एलयू: विंग कमांडर ने अनुभव साझा किए

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संकाय के ट्रेनिंग और प्लेसमेंट सेल के अंतर्गत एक वेबिनार का आयोजन किया गया। बींग ए वुमन इन ए मैंस वर्ल्ड विषय पर डॉ हिमांशु पांडेय एवं डॉ ईशा सिंह ने वेबिनार का आयोजन किया। वेबिनार में विंग कमांडर अनुमा आचार्य ने भारतीय वायुसेना में अपने 22 वर्षों के अनुभव के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि इंडियन एयरफोर्स ज्वाइन करने के लिए ग्रेजुएट होने के साथ एफकैट यानी एयर फोर्स कॉमन एडमिशन टेस्ट पास करना होता है। सीडीएस और एनडीए के जरिए सिर्फ पुरुष उम्मीदवारों की एंट्री होती है।

VOICE OF LUCKNOW PAGE 3

## छात्राओं को बताये नौकरी के रास्ते

लखनऊ। लविवि के इंजीनियरिंग संकाय के ट्रेनिंग और प्लेसमेंट सेल के तहत शुक्रवार को बीइंग ए वूमेन इन ए मैंस वर्ल्ड विषय पर वेबिनार का आयोजन डॉ हिमांशु पांडेय और डॉ ईशा सिंह ने किया। वेबिनार मे विंग कमांडर (सेवानिवृत्त) अनुमा आचार्य ने भारतीय वायुसेना में अपनी 22 वर्षों के अनुभव के बारे में बात की। उन्होंने अपनी भूमिका एक अधिकारी बनने की कठिन यात्रा और सशस्त्र बलों के बारे में बहुमूल्य अंतर्दृष्टि साझा की। उन्होंने छात्राओं को वायु सेना में शामिल होने के लिए प्रेरित किया और सेना में महिलाओं के नेतृत्व और भूमिका के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि इंडियन एयरफोर्स जॉइन करने के लिए ग्रेजुएट होने के साथ एफकैट यानी एयर फोर्स कॉमन एडमिशन टेस्ट पास करना होता है। सीडीएस और एनडीए के जरिए सिर्फ पुरुष उम्मीदवारों की एंट्री की जाती है। इंडियन एयर फोर्स में महिलाएं तीन तरीके से जॉइन कर सकती है।

## सम्मानित होंगे डा. संजीव किशोर

लखनऊ। छठे अंतर्राष्ट्रीय ताज रंग महोत्सव 2021 के अवसर पर नटरांजली थियेटर आर्ट्स आगरा की ओर से डा. संजीव किशोर गौतम राजपूत को ललित कला सिरोमणि अंतर्राष्ट्रीय सम्मान 2021 से नवाजा गया है। डा. संजीव किशोर गौतम राजपूत पिछले दो दशक से भारत के चर्चित व अनेको राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित कलाकार है। लखनऊ विश्वविद्यालय के कला एवं शिल्प महाविद्यालय में संकायाध्यक्ष/प्रधानाचार्य के पद पर कार्य कर चुके डा. संजीव पिछले 20 वर्षों से विभिन्न विश्वविद्यालयों में (आगरा विश्वविद्यालय, काशी हिन्दु विश्वविद्यालय) में कला शिक्षा देते रहे है।

डा. संजीव किशोर गौतम राजपूत एक प्रायोगिक कलाकार है, जिन्होने 22 वर्ष की आयु में ही दो राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त करने वाले कलाकार है। 2019 में राष्ट्रीय छात्रवृत्ति मानव संसाधन मंत्रालय नई दिल्ली, 2000 में गढी-रिसर्च ग्रांट ललित कला अकादमी नई दिल्ली और 2004 में इन्लैक्स फैलोशिप सहित कई प्रतिष्ठित छात्रवृत्ति प्राप्त की है। देश के अनेको सरकारी व गैर सरकारी कला संस्थानो द्वारा सम्मानित किए जा चुके है।

## रेगुलर व पार्ट टाइम होंगे पीएचडी में प्रवेश

लखनऊ। पीएचडी प्रवेश 2020-21 की प्रवेश प्रक्रिया 9 मार्च से शुरू होने की तैयारी है। यह प्रवेश प्रक्रिया पीएचडी अध्यादेश 2020 के आधार पर आयोजित की जाएगी। नवीन अध्यादेश के तहत रेगुलर के साथ ही पार्ट टाइम पीएचडी में प्रवेश होंगे। सीटों का ब्योरा विभागों से लिया जा रहा है। प्रवेश फार्म के साथ सीटों का ब्योरा विभागवार जारी किया जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए लविवि प्रवक्ता डा. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया की तैयारी हो चुकी है। निर्धारित नियमों के तहत हो जाएगी।

RASHTRIYA SAHARA PAGE 5

## बीएड प्रवेश आवेदन की अंतिम तिथि 15 मार्च

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित वीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा के लिए शासनादेश जारी कर दिया गया है। प्रदेश भर के वीएड कॉलेज में दाखिले के लिए आवेदन प्रक्रिया 15 मार्च तक चलेगी। 16 से 22 मार्च के वीच ऑनलाइन आवेदन लेट फीस के साथ होंगे। 10 मई से प्रवेश पत्र डाउनलोड किए जा सकेंगे। परीक्षा 19 मई को प्रस्तावित है। 20 से 25 जून के वीच प्रवेश परीक्षा का रिजल्ट घोषित किया जाएगा। 12 जुलाई से काउंसलिंग शुरू करने का प्रस्ताव है। आवेदन लविवि की वेवसाइट पर किये जा सकेंगे। प्रवेश परीक्षा के लिए सामान्य वर्ग के लिए 1500 रुपये और अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति वर्ग के उम्मीदवारों के लिए शुल्क 750 रुपये तय किया गया है। विलंव शुल्क के साथ फीस 2000 रुपये और 1000 रुपये हो जाएगी। इस प्रवेश परीक्षा में प्रदेश के लगभग 2900 कॉलेज शामिल होंगे, जिनमें करीव दो लाख 40 हजार सीट है।

i-NEXT PAGE 2

## 15 तक बीएड प्रवेश परीक्षा के आवेदन

### लेट फीस के साथ 16 से 22 मार्च तक कर सकते हैं आवेदन

CONCEPT PIC



lucknow@inext.co.in

LUCKNOW(5 March): लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा में आवेदन के लिए अभ्यर्थियों के पास 15 मार्च तक का मौका है. वहीं लेट फीस के साथ 16 मार्च से 22 मार्च तक आवेदन भरे जा सकते हैं. यूनिवर्सिटी के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि एडमिट कार्ड 10 मई से डाउनलोड किए जा सकेंगे.

### 9 से पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया

लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया की तारीख शुक्रवार को घोषित कर दी. प्रवक्ता डा. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया 9 मार्च से शुरू होगी.

### 19 मई को एग्जाम

एग्जाम 19 मई को प्रस्तावित है. 20 से 25 जून के बीच प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित किया जाएगा. 12 जुलाई से काउंसिलिंग प्रस्तावित है. डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि प्रवेश परीक्षा के लिए सामान्य वर्ग के लिए 1,500 रुपये और अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए साढ़े सात सौ रुपये निर्धारित किए गए हैं. इस बार 2,900 कॉलेजों की दो लाख 40 हजार सीटों पर एडमिशन होगा.

**परीक्षा के लिए स्टूडेंट्स 10 मई से डाउनलोड कर सकेंगे एडमिट कार्ड.**

AMRIT VICHAR PAGE 2

## ललितकला शिरोमणि अंतरराष्ट्रीय सम्मान से नवाजे गए डॉ. संजीव किशोर



लखनऊ। छठवें अंतरराष्ट्रीय ताज रंग महोत्सव 2021 के अवसर पर नटरांजली थियेटर आर्ट्स, आगरा की ओर से डा. संजीव किशोर गौतम राजपूत को ललितकला शिरोमणि अंतरराष्ट्रीय सम्मान 2021 से नवाजा गया है। डा. संजीव किशोर गौतम राजपूत पिछले दो दशक से देश के चर्चित व अने राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित कलाकार है। लखनऊ विश्वविद्यालय के कला एवं शिल्प महाविद्यालय में संकायाध्यक्ष/प्रधानाचार्य के पद पर कार्य कर चुके डा. संजीव पिछले 20 वर्षो से विभिन्न विश्वविद्यालयों में (आगरा विवि, बीएचयू) में कला शिक्षा देते रहे हैं। डा. संजीव किशोर गौतम राजपूत एक प्रायोगिक कलाकार हैं, जो 22 वर्ष की आयु में ही दो राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त करने वाले कलाकार हैं।